दिन– शनिवार दिनांक– 26 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल पचास प्रत्याशियों ने भरे नामांकन के पर्चे। तीस अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे नामांकन पत्र।

02. केंद्र सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर बीस लाख रुपए की।

03. खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए राज्य के सरकारी विद्यालयों में अट्ठाईस अक्टूबर से शुरु होगा मशाल अभियान।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट।

अब समाचार विस्तार से.........

---

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उप चुनाव के लिए कुल पचास प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चे भरे हैं। बेलागंज से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवारों ने नामजदगी का पर्चा भरा है। वहीं, तरारी से तेरह, इमामगंज से दस और रामगढ़ से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को होगी, जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। वहीं, मतों की गिनती तेईस नवम्बर को होगी।

---

केंद्र सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर बीस लाख रुपए कर दी है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वृद्धि का उद्देश्य मुद्रा योजना के समग्र लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस साल तेईस जुलाई को केंद्रीय बजट पेश करते हुए इस बदलाव को लाए जाने की घोषणा की थी।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव शंकर ने कहा है कि बिहार के अठारह जिलों में सत्तावन एफएम रेडियो चैनल खोलने का प्रस्ताव है। पटना में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ एफएम नीलामी को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में श्री शंकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बैठक के दौरान उद्यमियों को नीलामी प्रक्रिया संबंधी विभिन्न मानदंडों की जानकारी दी।

---

छपरा से लखनऊ के बीच वंदे भारत स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु हो गया है। त्योहारों को देखते हुए इस ट्रेन का परिचालन आठ नवम्बर तक होगा। छपरा जंक्शन पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

स्वच्छता में नवाचार के लिए देशभर में राजधानी पटना को नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने ये रैंकिंग जारी की है। मंत्रालय की एक टीम पटना आकर नवाचार प्रयोगों का अध्ययन करेगी और उसका प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही देश के अन्य शहरों को भी ऐसे नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किये जाने की योजना है।

---

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के आधार पर रिक्त एक सौ बीस सीटों को भरने के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश की है। इसमें अट्ठासी अनारक्षित, पांच ईडब्लूएस, तेईस पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। इस सूची में भोजपुर की सीमा तोमर को छियासीवां रैंक हासिल हुआ है।

---

रेलवे भर्ती बोर्ड ने कई परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। बोर्ड द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार अब सहायक लोको पायलट की परीक्षा पच्चीस से उनतीस नवम्बर के बीच होगी। वहीं, आरपीएफ, एसआई की परीक्षा दो से बारह दिसम्बर, तकनीशियन

की परीक्षा अठारह से उनतीस दिसम्बर और जेई समेत अन्य परीक्षाओं का आयोजन तेरह से सत्रह दिसम्बर के बीच होगा। विस्तृत जानकारी रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

——————————————————————————

पटना स्थित पीएमएलए विशेष अदालत ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार पूर्व विधायक गुलाब यादव को सात दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपने का आदेश दिया है। जांच एजेंसी की ओर से इस संबंध में अदालत में आवेदन दिया गया था। इसी मामले में ईडी को पहले ही भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस की रिमांड मिल चुकी है।

——————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। बारिश के चलते राज्य के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। राजधानी पटना के अधिकतम तापमान में चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। चौबीस शहरों का अधिकतम तापमान चौबीस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। वहीं, उनतीस शहरों का अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि ओडिशा तट पर टकराने के बाद चक्रवाती तूफान दाना कमजोर पड़ गया है, जिसके चलते हवा की रफ्तार में कमी आई है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

——————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से दो सौ तेरह मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक पटना से एक सौ सोलह मामले हैं। इसके अलावा गोपालगंज और औरंगाबाद से दस–दस, नालंदा से नौ, वैशाली से सात, गया और दरभंगा से छह–छह तथा पूर्वी चम्पारण और जहानाबाद से डेंगू के पांच–पांच मरीजों की पहचान हुई है। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी सात नये मामलों की पुष्टि हुई है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए लोगों से सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा त्योहारों को लेकर जारी एडवाजरी में लोगों से अत्यधिक भीड़–भाड़ वाले इलाकों में जाने से भी बचने की सलाह दी गई है।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज पटना जंक्शन पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना जागरूकता स्टॉल का शुभारंभ करेंगे। इस स्टॉल का उद्देश्य त्योहारों पर अपने घर आने वाले लोगों को इन दोनों योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक करना है।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता–मशाल का आयोजन किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि यह आयोजन राज्य के चालीस हजार मध्य और उच्च विद्यालयों में होगा और लगभग साठ लाख बच्चे इसमें शामिल होंगे। इसका आयोजन अट्ठाईस अक्टूबर से सात दिसम्बर के बीच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मशाल के तहत फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, साईकिलिंग और एथेलेटिक्स की स्पर्धाएं होंगी। श्री शंकरण ने कहा कि प्रतियोगिता के तहत बच्चों के अंदर छुपी खेल प्रतिभा को एक मंच मिलेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों को प्रेरणा योजना के तहत सालाना तीन लाख रूपये की खेल छात्रवृति दी जाएगी।

———————————————————————————

बिहार और कर्नाटक के बीच रणजी क्रिकेट मैच का मुकाबला आज से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में शुरु हो गया है। मैच सुबह साढ़े आठ बजे से शुरु हुआ।

———————————————————————————

राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद की ओर से पटना में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय कला और खेल उत्सव तरंग संपन्न हो गया। राज्य के विभिन्न जिलों के पांच सौ बारह प्रतिभागियों ने खेल की विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया।

---

दरभंगा में आयोजित राज्य स्तरीय बालक अंडर–फोर्टिन खो–खो प्रतियोगिता में मुंगेर की टीम विजेता बनी है। वहीं, दरभंगा की टीम उपविजेता रही।

---

पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ राजो बाबू का कल पटना के आईजीआईएमएस में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे मधेपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस और राजद के टिकट पर विधायक रहे थे। उनके निधन पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना जताई है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त शिक्षकों को उच्चतर योग्यता प्राप्त करने के लिए अध्ययन अवकाश की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। शिक्षकों को ऐसे मामलों में असाधारण अवकाश दिया जा सकता है। अवकाश के दिनों का किसी प्रकार का वेतन शिक्षकों को नहीं मिलेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को मार्गदर्शन जारी किया है।

---

मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के लिए पंद्रह नवम्बर तक आवेदन किये जा सकेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान योजना के बेहतर कार्यान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से पैक्स द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्यों को राज्य स्तर पर पहचान मिलेगी।

---

प्रदेश में अब कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी बिजली उपभोक्ता अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करवा सकेंगे। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महाप्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि राज्यभर में तीस हजार कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से मीटर रिचार्ज की सुविधा शुरु की गयी है।

---

अररिया जिले के नरपतगंज से सीमा शुल्क विभाग की टीम ने एक ट्रक से चौदह कार्टन विदेशी ब्रांड की सिगरेट जब्त की है। सिगरेट और ट्रक का अनुमानित मूल्य बयालीस लाख रुपये से अधिक है। वहीं, जिले के सिकटी और फुलकाहा सीमावर्ती थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ तीन तस्करों की गिरफ्तारी की है।

————————————————————————

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय में एनएच इकतीस पर एक चार पहिया वाहन से पचास लाख रुपये मूल्य की नब्बे किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, सहरसा जिले के चिरैया थाना क्षेत्र से पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने मधुबनी जिले के कुख्यात अपराधी अजीत कुमार को कर्नाटक के बेल्लौरी जिला के पीडी हल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

उत्तर बिहार के कुख्यात शूटर गोविंद शर्मा को पुलिस ने मुजफ्फरपुर के मुसहरी के द्वारिका नगरी से गिरफ्तार किया है। उसके पास से चेक गणराज्य निर्मित दस लाख रुपये मूल्य की पिस्टल और कारतूस बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

लखीसराय जिले के मेदनी चौकी क्षेत्र अंतर्गत देवगढ़ा चंद्रटोला के पास किउल नदी में तेज हवा के कारण एक नाव पलट गई। इस घटना में दो महिला लापता हो गयीं, जिनकी खोज जारी है।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिंदुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है –विश्व में शांति के लिए युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए।

**दैनिक जागरण** लिखता है – अस्सी साल से ज्यादा उम्र के पेंशनरों को बीस प्रतिशत अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता की राशि।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है –कमजोर पड़ा दाना, सात राज्यों में बारिश, ट्रेन और विमान सेवाएं शुरू।

**दैनिक भास्कर** ने सारण और सिवान जहरीली शराब कांड पर लिखा है – शराब पीकर मरने वालों के दिल में जमा था खून, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है –पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त को लेकर भारत –चीन में हुए समझौते पर अमल शुरू, पीछे हटने लगी दोनों देशों की सेना।

**दैनिक आज** की सुर्खी है –देशभर के स्कूलों में होगी आठ लाख शिक्षकों की बहाली, केंद्र सरकार का राज्यों को निर्देश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल पचास प्रत्याशियों ने भरे नामांकन के पर्चे। तीस अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे नामांकन पत्र।

02. केंद्र सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर बीस लाख रुपए की।

03. खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए राज्य के सरकारी विद्यालयों में अट्ठाईस अक्टूबर से शुरु होगा मशाल अभियान।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।